## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए हुई महिलाएं सम्मानित

**छिन्दवाड़ा।** समाज में महिलाओं को सम्मान के साथ गरिमामय स्थान मिले इसका हम सभी को प्रयास हमेशा करना चाहिए यह बातें म.प्र.जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के माध्यम से सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा में आज रविवार को बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू की क्लास में जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के सहयोग से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल के बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ.अभिलाष पांडे ने कही।

### जिले में क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में बैठक

**छिन्दवाड़ा।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री अनुराग पाण्डेय के छिंदवाड़ा जिले में भ्रमण के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा ऑकडा विश्लेषक श्री शैलैन्द्र शुक्ला एवं श्री जय प्रकाश कुमरे के द्वारा किया गया। आयोग के सदस्य श्री पाण्डेय द्वारा बाल अधिकारों व संरक्षण पर जिले में क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में आज एक बैठक ली गई। जिसमें न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री राहुल देव ठाकरे, सदस्य श्रीमती मीनाक्षी वाजपेयी, श्रीमती इति शर्मा, श्रीमती क्षिप्रा गुप्ता, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य श्रीमती किरणलता चौपड़े, श्री नवनीत व्यास, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.हेमन्त छेकर, बाल संरक्षण अधिकारी श्री चन्द्रशेखर नागेश व श्रीमती अंजना पवार, किशोर न्याय बोर्ड से विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्री अतिशय जैन और जिला बाल संरक्षण इकाई के सभी कर्मचारी की विभागीय समीक्षा बैठक ली गई। बच्चों के अधिकारों के संरक्षण और उनकी समस्याओं का परीक्षण करने विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय व अशासकीय संस्थाओं बालगृह, शिशुगृह, आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल, छात्रावास के निरीक्षण के अलावा पीड़ित बच्चों से मुलाकात भी सम्मिलित है।

### एक घायल को पहुंचाया नागपुर, आरोपीगण को चंद घंटों में पुलिस ने किया गिरफ्तार

# जमुनिया में मामूली बात पर चला चाकू, एक मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोड़ी चौकी के ग्राम जमुनिया में बीमती रात चाकूबाजी की घटना में एक युवक की हत्या हो गई। वहीं एक युवक घायल बताया जा रहा है।हालांकि पुलिस की ततपरता के चलते एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

जानकारी में अमरवाड़ा एसडीओपी रविंद्र मिश्रा ने बताया कि शनिवार रात 11 बजे ग्राम जमुनिया में बड़ा देव की स्थापना कार्यक्रम में शामिल होने मोहित पिता बबलू उइके निवासी सुकलूढाना पहुँचा था। इस दौरान गांव के ही एक युवक ने उसके कंधे मे हाथ रख दिया। जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान आदर्श उइके एवं उसका भाई गुलशन उइके वहां पहुँचे। मोहित और आदर्श के बीच विवाद शुरू हो गया। अचानक ही आदर्श ने मोहित पर चाकू से वार कर दिया। बीच बचाव करने पहुँचे गांव के ही नरेंद्र उइके पर भी युवको ने चाकू से हमला कर दिया। घायल मोहित उइके एवं नरेंद्र उइके को उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया जहां मोहित को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं घायल नरेंद्र उइके को नागपुर रिफर किया गया है। जबकि पुलिस ने आरोपी गुलशन को हिरासत में ले लिया है। एक आरोपी की तलाश जारी है।रविवार को सुबह अमरवाड़ा अमरवाड़ा एसडीओपी रविंद्र मिश्रा नगर निरीक्षक राजेंद्र सिंह धुर्वे सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गंभीरता के साथ जांच करने पहुंचे और पुलिस मामले में जांच में जुटी है।

### 6 गांवों में होंगे विकास कार्य

# सांसद बंटी साहू ने सिंगोड़ी मंडल को दी 10 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने सिंगोड़ी भाजपा मंडल के अंतर्गत 6 गांवों में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए अपनी सांसद निधि से 10 लाख स्वीकृत किये है। जिसके तहत ग्राम बांका मुकासा, चिमआ, तेंदनिमाल, बेरबन, मंदनगढ़ एवं सिंगोड़ी में विभिन्न निर्माण कार्य कराये जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू के सिंगोड़ी प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा उनके गांवों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की गई थी। जिसके आधार पर सांसद बंटी विवेक साहू ने विधायक कमलेश शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं सिंगोड़ी अध्यक्ष सोनू सरसवार की अनुशंसा पर ग्राम बांका मुकासा में चबूतरा निर्माण के लिए 5 लाख, गाम चिमआ में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, तेंदनिमाल में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम बेरबन में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम मंदनगढ़ में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख एवं सिंगोड़ी नागद्वारी चौक में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख की राशि स्वीकृत की है। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणजनों को हर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। हम छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। मैं मंत्रियों एवं अधिकारियों से निरंतर संपर्क करते हुए छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा के विकास के लिए प्रयास कर रहा हूं।

# ई-ऑफिस प्रणाली का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश शासन के 16 जनवरी 2025 के निर्देशों के परिपालन में आज 9 मार्च 2025 को कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्टर कार्यालय की ई-गवर्नेंस शाखा की फाइल को ई-ऑफिस के माध्यम से अनुमोदित कर जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक को मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) नियुक्त करने के आदेश को डिजिटली हस्ताक्षरित किया। इस दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री राजहंस गोंडाने और जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक श्री अतुल शर्मा भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्टर कार्यालय की सभी शाखाओं में जल्द से जल्द ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने और सभी विभागीय कर्मचारियों से इस प्रणाली को अपनाने और इसके सफल क्रियान्वयन में सहयोग करने के आदेश दिए।

उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के लागू होने से कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और गतिशीलता आएगी। यह प्रणाली फाइलों के त्वरित निस्तारण, कागज के उपयोग में कमी और प्रशासनिक कार्यों के सरलीकरण में सहायक होगी।

# 20 वार्डों में आबादी भूमि की रजिस्ट्री पर रोक हटाने की मांग

### रजिस्ट्री ऑफिस में किसी का आदेश मौजूद नहीं, कलेक्टर ऑफिस का नाम बता रोक रहे रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

बीते 8-10 माह से पांढुर्ना नगर में आबादी क्षेत्र में स्थित मकानों की रजिस्ट्री कराया जाना बंद है। इस संबंध में कुछ त्रस्त नागरिकों ने जिला पंजियक कार्यालय छिंदवाडा में सूचना अधिकार के तहत रोक संबंधी आदेश या पत्र की प्रतिलिपी मांगी। इस पर कार्यालय द्वारा लिखित रूप से सूचना दी गई कि ऐसा कोई आदेश हमें प्राप्त नहीं हुआ है। यहां उल्लेखनीय है कि रजिस्ट्री कार्यालय द्वारा कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना का नाम लेकर रजिस्टट्री नहीं की जा रही है।

#### इन वार्डों में है आबादी भूमि

ज्ञात हो कि पांढुर्ना शहर का 70 प्रतिशत हिस्सा आबादी मद की भूमि पर बसा हुआ है। शहर में हनुमंती वार्ड, राधाकृष्ण, गणेश, आजाद, पेवठा, वसई, जाटबा, मेघनाथ, संत रविदास, घनपेठ, अंबा, तिलक, अंबेडकर, भवानी, पंढरी तथा महावीर वार्डों में आबादी मद की भूमि है।

#### 100 - 150 साल से बने है मकान

इन सभी वार्डों में पांढुर्ना शहर की पुरानी बस्तियां है जिसमें लोग अपने पूर्वजों द्वारा 100-150 साल पहले बनाए गए मकानों में निवास कर रहे है। एक वर्ष पहले तक उक्त वार्डों के निवासी अपने मकान रजिस्ट्री के माध्यम से खरीद और बेच सकते थे। लेकिन ना जाने क्यों एक वर्ष से उक्त आबादी क्षेत्र में रजिस्ट्री किया जाना उप रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा बंद कर दिया गया।



#### बीमारी और बच्चों की शिक्षा के लिए परेशान

पुरानी बस्ती के निवासी एक वर्ष पहले बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए, बेटा बेटी के विवाह के लिए या गंभीर रोगों के इलाज के लिए मकान बेचकर फंड की व्यवस्था कर सकते थे। लेकिन अब इन क्षेत्रों में निवास कर रहे जरूरतमंद लोग इस कार्यालय से उस कार्यालय धक्के खा रहे है लेकिन अपना मकान रजिस्ट्री कर नहीं बेच पा रहे है।

### रंगकर्मी और शॉर्ट फिल्म के लिए अदिति हुयी सम्मानित



**छिंदवाड़ा।** उज्जयनी रक्त संचार उज्जैन द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष में नारी शक्ति सम्मान में अदिती जोशी को नाट्य निर्देशन और शोर्ट फिल्म निर्देशन के लिए सम्मानित किया गया. अदिती द्वारा निर्देशित परमहंस का मंचन २५ अंतरास्ट्रीय भारत रंग महोत्सव के विश्व जन रंग में किया गया था अदिति भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं साथ ही अदिति द्वारा नाट्य विधा को बढावा देने हेतु देश के सभी राज्यों में हर घर अभिनय हर घर नाट्य हर घर रंगकर्मी घर घर रंगकर्मी का महाभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटको के मंचन में सहयोग प्रदान किया जा रहा हैं अदिति जोशी द्वारा निर्देशित शोर्ट फिल्म हॉकी द नर्सरी और मेयर बनाई गयी है जो महिला सशक्तिकरण पर आधारित हैं अदिति द्वारा नाटको का मंचन छिन्दवाड़ा में किया जा रहा हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित हुए महिला सामाजिक संगठन श्री नारायण सोसायटी फॉर एज्युकेशन ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले की सामाजिक संस्था श्री नारायण सोसायटी फॉर एजुकेशन छिंदवाड़ा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के महिला सामाजिक संगठनों का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय वार्ड नंबर 3 ढिमराढाना में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. टीकमणि पटवारी, विशेष अतिथि समाज सेवी शरद मिश्रा, अनीता तिवारी, सुनन्दा सोनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन के साथ की गई। पूजन उपरांत छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं अगले चरण में सम्मान क्रम का आयोजित किया गया जिसमें जिले के महिला सामाजिक संगठनों का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए सम्मान के क्रम में विप्र नारी शक्ति संगठन, नेमा समाज, पंजाबी झंग समाज, राजपूत समाज, गायत्री परिवार, यादव समाज जुन्नारदेव, कायस्थ समाज (चित्रांशी नन्दनी ग्रुप), यादव समाज छिंदवाड़ा महिला को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन संस्था प्रमुख डॉ. मृदुला शर्मा के आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय शर्मा ने किया।

# कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिये ऑनलाईन ई-टेण्डर प्रपत्रों का विक्रय आज से

### कॉन्ट्रेक्टर रजिस्टर्ड इच्छुक पात्र आवेदक ही निष्पादन की कार्यवाही में ले सकते है भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वर्ष 2025-26 अर्थात 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के प्रथम चरण में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के 06 एकल समूह- बस स्टेण्ड, फव्वारा चौक, स्टेशन रोड, अमरवाड़ा, चौरई एवं पांढुर्णा में सम्मिलित कुल-61 कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर शासन द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य रूपये 310,96,90,282 रूपये के विरूद्ध 313,85,32,995 रूपये पर निष्पादन अन्तिम हुआ है। इस प्रकार शासन को इस 06 एकल मदिरा समूहों के लिये निर्धारित आरक्षित मूल्य से 2,88,42,713 रूपये का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य से 21.11 प्रतिशत अधिक है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2025-26 अर्थात 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के प्रथम चरण में निष्पादन से शेष छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले की 56 कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के 03 एकल समूह परासिया, जामई एवं सौंसर का वर्तमान वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर निर्धारित आरक्षित मूल्य पर मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक-47, 14 फरवरी 2025 के अध्यधीन निष्पादन ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) द्वितीय चरण के माध्यम से 13 मार्च 2025 को निष्पादन किया जायेगा। एम.पी. टेण्डर्स के पोर्टल पर ऑनलाईन ई-टेण्डर प्रपत्रों का विक्रय 10 मार्च 2025 से प्रारंभ होगा।

उन्होंने बताया कि जिला आबकारी कार्यालय छिन्दवाड़ा से ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के लिये निर्धारित आवेदन पत्र एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर 13 मार्च 2025 को प्रातः 10.00 बजे तक आवेदन पत्र क्रय एवं जमा किये जा सकेंगे। जिसके लिये इच्छुक पात्र आवेदक (व्यक्तियों/फर्म/कम्पनी) को ई-आबकारी के पोर्टल पर ऑनलाईन कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है। कॉन्ट्रेक्टर रजिस्टर्ड इच्छुक पात्र आवेदक ही निष्पादन की कार्यवाही में भाग ले सकते है। वर्ष 2025-26 के लिये कम्पोजिट मदिरा दुकानों/एकल समूहों का ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) से संबंधित नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में सार्वजनिक अवकाशों सहित कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते है।

# राधा कृष्ण बनकर आए बच्चों को किया पुरस्कृत

### वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने महिलाओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई जिला छिंदवाड़ा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान समारोह तथा फ़ाग उत्सव के रूप में होली मिलन कार्यक्रम प्रस्तावित वैश्य भवन प्लाट पर आयोजित किया उक्ताशय की जानकारी देते हुए महिला इकाई की जिलाध्यक्ष शुचिता राठी ने बताया कि कार्यक्रम उत्साहपूर्वक वातावरण में सम्पन्न हुआ तहसील प्रभारी सोनिया नेमा ने बताया कि समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के कारण किरण सोनी, सविता पाटनी, सुधा सोनी, हर्षा टावरी , शिखा भारद्वाज वर्षा जैन, मंजू नेमा , अनिता गुप्ता, प्रतिमा नेमा , दीप्ति साहू , याचना सोनी आदि महिलाओं का सम्मान किया गया , महिलाओ ने अपने अपने विचार रखे तथा संगठन को और आगे ले जाने का संकल्प लिया।इसके पश्चात राधा कृष्ण के साथ सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक रंग गुलाल के साथ नृत्य करते हुए होली खेली। झांकी ममता राठी, दुर्गा सुदा, श्वेता सुदा, शशि जाखोटिया, श्वेता अग्रवाल, श्वेता भारद्वाज द्वारा सजाई गई।कार्यक्रम में इनके अलावा नीतू साहू, रिंकी चौरसिया, भारती जैन, क्षमावाणी जैन, उपमा साहू, आशा राय, ज्योति राठी, प्रिया साहू, शिखा सोनी, लता साहू, अर्चना जैन, नेहा सोनी, उमा सोनी , स्वाति भारद्वाज तथा यामिनी सोनी आदि उपस्थित रहे।सब ने एकता का परिचय दिया सभी बच्चे जो राधा कृष्ण बनकर आये थे उन्हें पुरूस्कृत किया गया।



### जिला क्षत्रिय मराठा समाज की बैठक सम्पन्न

**छिंदवाड़ा।** जिला क्षत्रिय मराठा समाज के पदाधिकारियों की एक अहम बैठक ९ मार्च रविवार को परासिया रोड स्थित एक निजी होटल सम्पन्न हुई। बैठक में शिवाजी जयंती पर हुए कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी समय में सामाजिक एवं जनकल्याण के कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि आगामी समय में सामाजिक परिवारों की जानकारी का डाटा तैयार किया जाएगा जिसको लेकर माहिती पत्रक सभी परिवारों से भराया जाएगा। वहीं मराठा समाज की ओर से अप्रेल माह में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का भी निर्णय लिया गया। अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने कहा कि समाज की मीटिंग प्रतिमाह होगी एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी। निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर नए सदस्यों को अवसर प्रदान कर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी पुरुष एवं महिला पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें। बैठक के सर्वसम्मति से 31 मार्च को शिवाजी चौक पर सामाजिक बंधुओं एवं महिलाओं की उपस्थिति में गुढ़ी पाड़वा पर्व मनाने का निर्णय लिया।

### त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने लिया गया निर्णय

# होली एवं जुमे की नमाज को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

आगामी दिनों में शांतिपूर्ण एवं सदभाव एवं हर्ष उल्लास से त्योहारों को मानने को लेकर तामिया थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई!होली और रमजान महीने को लेकर शांति समिति की बैठक में टी आई एवं तहसीलदार तामिया ने सभी को भाईचारे से होली मनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा के साथ मनाये जाने की अपील की!आगे दोनों अधिकारियों ने कहा कि हुडदंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी! नशेड़ी एवं शराबियों पर सख्त कार्रवाई होगी! होली पर अश्लील एवं फूहड गानों के साथ डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा! अफवाहों से बचने के लिए भी अपील की गई टी आई तामिया ने कहा कि रमजान का पाक महीना शुरू हो चुका है! रोजदारों का पूरा ख्याल रखना होगा! किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में गडबडी.बर्दाश्त नहीं की जाएगी! दोनों समुदाय के लोग हमेशा भाईचारे सद्भाव के साथ रहते आए हैं! धूरेडी का त्यौहार शुक्रवार को आ रहा है! इस दिन जुम्मे की विशेष नमाज भी मुस्लिम भाइयों के द्वारा अता की जाती है! उनकी भावना का भी ध्यान रखा जाएगा! एवं उन्हें नमाज पढ़ने मस्जिद जाने के लिए पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी! इस पहल का शांति समिति की मीटिंग में आए मुस्लिम धर्म गुरुओं ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की! और धर्मगुरु ने कहा कि हम भी पूरा प्रयास करेंगे की धुरेडी के दिन किसी को हमारी ओर से धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचेगी! इस तरह आज दोनों समुदायों के बीच तामिया थाने में तहसीलदार एवं टीआई की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक खुशनुमा वातावरण से जुम्मे की नमाज एवं धुरेडी मनाने को लेकर संपन्न हुई इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग एवं व्यापारी राजनेता पत्रकार एवं गड़ मान्य नागरिक इस शांति समिति की बैठक में उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर का भी हुआ आयोजन

## महिला सम्मेलन में नारियों ने बताई महिला शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में मुक्ता सालवे महिला मंडल सौसर साहित्यसम्राट अण्णाभाऊ साठे समिती सौसर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की स्वतंत्रता महिला मुक्ती दीन सावित्रीबाई फुले, मुक्ता सालवे, राजमाता जिजाऊ माता रमाई, भिमाई, मदर टेरेसा, कल्पना चावला, श्रीमती इंदीरा गांधी आदि देश में सभी संघर्षशिल महानाईकाओं की याद करते हुए उनके प्रतिमा का पूजन किया गया।

आयोजन मेंमुख्य अतिथि के रूप में सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागाश्रीमतीप्रतिभा चौरे,श्रीमती गुंजन राठी,नपा सभापति मृणाली झाडे,निलिमा पाटील,नंदा भांगे,डॉ. श्वेता गजभिये,डॉ. प्रतिमा गजभिये,डॉ. श्रद्धा गायकवाड,डॉ.सोना शिववेदी,सुचिता काम्बले,भारती खडसे, किरण अम्बुलकर, सुनंदा तायवाडे, आदि थे। आयोजन के दौरान महिला मंडल की ओर से स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टरों की टीम के द्वारा विभिन्न रोगों से ग्रसित लोगों की जांच करते हुए मार्गदर्शन दियाकार्यक्रम का संचालन डॉ गरिमा तेलंगे,सविता तेलंगे ने किया। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मान किया गया जिसमें हाल ही में इसरो में चयन हुए शाद मोहम्मद खान,श्रीमती नंदाबाई बागड़े,ज्योति देशभरतार,मृणालिनी कंटक,डॉ प्राजक्ता बोकडे,डॉ जोशीजी नागपुर,श्रीमती मंजूषा बागड़े,दीपाली नामदेव डोंगरे, स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। आयोजन को संबोधित करते सुचिता कामले नागपुर ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है। महिलाओं ने भी प्रयास करना चाहिए कि हमने बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षा देखकर उन्हें उनके पैरों पर खड़े होने के लिए मार्गदर्शन करना चाहिए। कार्यक्रम की सफलता के लिए श्रीमती सविता तेलंगे,उपाध्यक्ष लक्ष्मी निखाड़े गरिमा तेलंगे,वंदना तेलंगे,रजनी सनेसर,पंचफूला इंगले, ज्योति भाले,इंदिरा सनेसर,नेहा सनेसर,मंदा सनेसर,प्रवीण सनेसर,चंदू सनेसर,विलास तेलंगे,आदि थे।

## स्वयं सेविकाओं ने किया श्रमदान चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का साथ दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में आयोजित किया गया है। गुरुवार 7 मार्च से प्रारंभ हुए शिविर के तीसरे दिन रविवार 09 मार्च को स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्थित रसायन शास्त्र प्रयोगशाला से वनस्पति शास्त्र प्रयोगशाला तक सड़क में साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयं सेविकाओं द्वारा महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को महिला सशक्तिकरण अभियान चलाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सिविल एनएसएस अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी के कुशल नेतृत्व में जारी है जिसमें स्वयंसेवी का महिमा, देविका, राजेश्वरी, किरण, शारदा, पिंकी, रंजीता, हेमलता, संतोषी, रेशमा, अंजू, सरस्वती सहित अन्य स्वयंसेवी का है प्रतिदिन समाज सेवा एवं जागरूकता अभियान के तहत कार्य कर रही है।

## नकुलनाथ का लाया गंगाजल शिव मंदिर में अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



कल पूर्व सांसद नकुलनाथ द्वारा प्रयागराज महाकुंभ मेला से लाए गए गंगाजल से कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने यहां जुना पांढुरना स्थित शिव मंदिर में शिवजी की पूजा अर्चना एवं अभिषेक कर गंगाजल अर्पण किया। इसके साथ ही बजरंग बलि का भी अभिषेक विधि विधान से किया गया।

इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विश्वास कांबे, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयंत घोड़े, जिला महिला अध्यक्ष नेहा जोगी, जनपद अध्यक्ष लता तुमडाम, मीराताई डाबरे, गीता कड़वे, रवि खापरे, जिम्मी काटभवरे, सुनील बुधराजा, ओम पटेल, राजू कोल्हे, शरद सांबारे, अशोक कोल्हे, सुरेश सुरजुसे, विजय जुनेजा, सुनील बांबल, किशोर धोटे, बंटी ठाकुर, हरीश गयाधाने, अरुण धुर्वे, संदीप बनाईत, रुंदेश जसूतकर, योगेश खोडे, गीता धोटे, पूर्णिमा गोंडे, आकाश कोल्हे अनेक समस्त कांग्रेसी, वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थित रहे। यह पूरा आयोजन नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे

## महिला दिवस पर पीएम कॉलेज में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्णा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ तथा आंतरिक उच्च गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला संपन्न हुई। इस मौके पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुरक्षित मातृत्व एवं महिलाओं की वर्तमान स्थिति पर व्याख्यान दिया गया । इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांढुर्ना से डॉ. राधा भकने, डॉ. सारिका राठौर, महिला एवं बाल विकास पांढुर्ना से अनीता सलामे तथा चैती आहाके की उपस्थिति में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शहनाज खान ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। इस समारोह में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.एस. बिसेन, प्रो.रामपाल कुमरे, प्रो विवेक कुमार सोनवाने, प्रो. मनोज कुमार धुर्वे, प्रो पंजाब सिंग, डॉ. सुमन यादव, डॉ. वंदना खंडाते, मनोज खुरसंगे, अपूर्वा सांडे, आंचल चटप तथा महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह का संयोजन डॉ. पल्लवी झारिया ने किया तथा मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन भोजराज कराले ने किया।

## होलाष्टक के चलते स्थगित हुआ विवाह समारोह :- विनोद मालवीय

**परासिया** : परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया । इस संवाददाता सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा , कि सांसद विवेक बंटी साहू ने दो कोयला खदानों को पहली स्वीकृति दिलाई है । यह शुरुआत है । भविष्य में नए प्रोजेक्ट भी आएंगे । उन्होंने कहा कि होलाष्टक में शुभ कार्य नहीं होते इसलिए संभवत प्रशासन ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के विवाह समारोह को आगे बढ़ाया है , ताकि ज्यादा से ज्यादा विवाह हो सके । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा , कि अब तक बंद होने के बाद कोई खदान चालू नहीं हुई थी । सांसद विवेक बंटी साहू के प्रयासों से मोआरी बंद खदान चालू होगी । उन्होंने कहा , कि भारत ओपन कास्ट कोयला खदान को स्वीकृति मिलने से कन्हान और कोयलांचल को फिर जीवित करने की उम्मीद जागी है । इस संवादाता सम्मेलन में भाजपा के जिला महामंत्री परमजीत सिंह विज , विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , परासिया मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव , उमरेठ मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद कुमरे , पटपड़ा मंडल अध्यक्ष राकेश बेलवंशी और शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल मौजूद रहे ।

**कांग्रेस का पलटवार** :- परासिया भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में नपा अध्यक्ष द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम के स्थगित होने पर दी ग ई सफाई पर कांग्रेस ने पलटवार किया है । कांग्रेस शहर अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा कि जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ करके भाजपा के प्रतिनिधि और शासन प्रशासन के अधिकारी झूठ बोल रहे है । 7 मार्च को ही प्रदेश भर में शादियां हुई है । इधर भाजपा के लोगा होलाष्टक की आड़ लेकर खुद को सही बताने पर तुले हैं । वहीं प्रशासनिक अधिकारी का प्रभारी मंत्री से अनुमोदन नहीं मिलने वाला बयान कई सवाल खड़े करता है । जब अनुमोदन ही नहीं हुआ तो तिथि कैसे तय की गई ।

## जुन्नारदेव के योगेश फिर दूसरी बार बने नेशनल बॉडीबिल्डिंग में चैंपियन

**जुन्नारदेव।** एक बार फिर जुन्नारदेव के होनहार युवा बॉडीबिल्डर योगेश राठौर ने दिल्ली में स्थित आयोजित बॉडीबिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा नॉर्थ इंडिया प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया.उन्होंने इस बार मिस्टर नॉर्थ इंडिया खीताब अपने नाम किया. अपनी ही वेट कैटेगरी में इन्होंने दो गोल्ड मेडल अपने नाम कर जुन्नारदेव सहित जिले का नाम रोशन किया. ज्ञात हो कि योगेश राठौर ने दूसरी बार बॉडी बिल्डिंग नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जुन्नारदेव का नाम रोशन किया है. इस बार भी उनकी इस जीत के बाद फेडरेशन के नेशनल प्रेसिडेंट वीर बोहीत के द्वारा उन्हें मई में आयोजित होने वाले वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप के लिए एक बार और चयनित कर लिया गया है जहां उन्हें प्रो कार्ड देकर की इसके लिए आमंत्रित किया. पिछले माह की आयोजित हुई नेशनल प्रतियोगिता में भी उन्हें मई के वर्ल्ड चैंपियनशिप हेतु चयनित कर लिया गया था. यह नगर के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि बॉडीबिल्डिंग जैसे खेल आयोजन हेतु किसी युवा का चयन वर्ल्ड स्थर के लिए किया गया है. दिल्ली में 8 मार्च को इस विशाल नॉर्थ इंडिया नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियन शिप का आयोजन किया गया था।

## हम फाउंडेशन संस्कृति शाखा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**जुन्नारदेव।** सांस्कृतिक, सामाजिक व सामानता को समर्पित हम फाउंडेशन की महिला संस्कृति शाखा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। हम फाउंडेशन की इस महिला इकाई के द्वारा नगर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में एकत्रित होकर सर्वप्रथम श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। तत्पश्चात भारतीय संस्कृति के अनुरूप श्रीरामायण पर आधारित प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी किया गया। यहां पर विजेताओं को तत्काल ही उपहार से पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान हम फाउंडेशन की महिला संस्कृति शाखा की स्थानीय इकाई की अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा जायसवाल ने अपने उद्बोधन में देश में महिला सशक्तिकरण के नए दौर की नई उपलब्धियां का उल्लेख किया। देश में महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले मिल रहे अनुपातिक समान अधिकार की वकालत करते हुए उन्होंने देश में महिलाओं के नए युग के श्रीगणेश की बात भी कहीं। इस दौरान हम फाउंडेशन महिला संस्कृति की संयोजिका शची शुक्ला, वर्षा मिगलानी, सपना अमूल्ये, रीता झाम, सरिता नागले, आशा सोनारे, प्रियंका अग्रवाल, दीक्षा जायसवाल, हर्षा सदारंग तथा अन्य समस्त मातृशक्तिया उपस्थित थी।



## ड्रीम वूमेन्स फाउंडेशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय गॉंधी बाल उद्यान में ड्रीम वूमेन्स फाउंडेशन वारासिवनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की महिलाएँ अलग-अलग वेशभूषा में आई। गॉंधी बाल उद्यान में इन महिलाओं ने आपस में विभिन्न प्रकार के खेल खेले और जमकर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष वर्षा सोनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम सब महिलाएँ विभिन्न वेशभूषा में आई है और आपस में विभिन्न प्रकार के खेल खेलकर अपना मनोरंजन कर रही हैं। वहीं श्रुति पालीवाल ने कहा कि महिलाओं की सबसे अच्छी भूमिका गृहिणी के रुप में होती हैं, जिसका पूरा घर ऋणी होता हैं। इस भूमिका में वह सर्वश्रेष्ठ होती हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेंक प्रकार की योजनाएँ चलाई जा रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना के तहत राशि प्रदान की जा रही हैं। लेकिन उस राशि को वह अपने साज श्रृंगार में खर्च नहीं कर सके। इसीलिए वर्तमान समय में सरकार ने बीमा शक्ति योजना प्रारंभ की हैं। जिससे महिलाएँ उस राशि को अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए बीमा शक्ति योजना में व्यय करे और उसका लाभ उठाये।

कार्यक्रम में ड्रीम वूमेंस फाउंडेशन अध्यक्ष वर्षा सोनी, उपाध्यक्ष भावना अग्रवाल, सविता सोनी, भारती आड़े, श्रुति पालीवाल, ममता बंसोडकर, मीनाक्षी ठाकरे, सरिता अग्रवाल, संध्या राणा, कुसुम नगपुरे, प्रभा नगपुरे, दीपा, मालती सोनी, राखी खंडेलवाल, कामिनी बिसेन, संजू पटले, चित्रा पटले, शुक्ला मैडम सहित अन्य महिलाएँ उपस्थित रही।

## नेशनल लोक अदालत : 105 प्रकरणों का निराकरण, 11574895 रुपये के अवार्ड पारित



**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्रणेश कुमार प्राण व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 8 मार्च को तहसील न्यायालय वारासिवनी में प्रथम अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी सुधीर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में वर्ष 2025 की नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर श्री ठाकुर द्वारा प्रातः साढ़े 10 बजे माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय वारासिवनी के समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, अन्य कर्मचारीगण व पक्षकारगण उपस्थिति रहे।

नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में कुल 07 खण्डपीठों का गठन किया गया। जिसमें खण्डपीठ क्रमांक 19 के पीठासीन अधिकारी प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर सिंह ठाकुर की खण्डपीठ से मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति से संबंधित 05 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 2290000 रूपये का अवार्ड पारित किया गया। विद्युत अधिनियम से संबंधित 9 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 89282 रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई एवं हिन्दू विवाह से संबंधित 02 मामलों का निराकरण किया गया एवं आपराधिक अपील से संबंधित 02 मामलों का निराकरण किया गया। इस प्रकार खण्डपीठ में कुल 18 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर कुल 2379282 रूपये के अवार्ड पारित किये गए। खण्डपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता कुंजबिहारी शुक्ला उपस्थित रहे।

खण्डपीठ क्रमांक 20 पीठासीन अधिकारी द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की खण्डपीठ से चेक बाउंस के प्रकरणों में 01 प्रकरण का निराकरण कर 113142 रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई। मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति से संबंधित 16 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 6833000 रूपये के अवार्ड पारित किये गए। इस प्रकार कुल 17 मामलों का निराकरण कर 6946142 रूपये की राशि के अवार्ड पारित किये गए। खण्डपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता प्रदीप पटले उपस्थित रहे।

## 208 कोबरा के तत्वाधान में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ग2025 के उपलक्ष में क्षेत्रीय कावा संगठन 208 के तत्वाधान में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं में महिलाओं ने अपना योगदान दिया! 08मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 208 कोबरा परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता RCWA की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौधरी ने की। इस अवसर पर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न रोचक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता से हुई, जिसमें महिलाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन स्थल को फूलों से सुंदरता के साथ सजाया गया, जिससे पूरे माहौल में उल्लास और उत्सव का रंग भर गया। इसके अलावा, समूह नृत्य (ग्रुप डांस) की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया। RCWA अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौधरी ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और उनके समाज में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और उपस्थित अतिथियों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसके साथ इस यादगार आयोजन का सफल समापन हुआ।

### शाम ढलते ही बिगड़ जाते है लांजी-सालेटेकरी मार्ग के हालात

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के बावजूद नहीं हटी शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के हृदय स्थल लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर वार्ड क्रमांक 3 में स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान में बढ़ रही भीड़ और असामाजिक तत्वों के जमावड़े से नगर के लोगों की परेशानी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जबकि उक्त मार्ग से ही सभी शासकीय कार्यालयों के अफसर रोजाना गुजरते है। वहीं गौर करने वाली बात यह है की उक्त शराब दुकान के सामने ही पुलिस थाना मौजूद है जिसकी दीवार के बाजू में रोजाना ही शराबी आराम से शराब का सेवन बैखौफ होकर कर रहे है। वार्डवासियों को लगातार हो रही परेशानी को देखते हुए वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती पूनम आसटकर ने विगत दिनों लांजी में आयोजित कोटेश्वर महोत्सव में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी ज्ञापन सौंपकर गुहार लगाई थी जिन्होने शराब दुकान हटाये जाने को लेकर आश्वस्त भी किया था परंतु एक सप्ताह बीतने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से पार्षद एवं वार्डवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है। उल्लेखनीय है की देशी-विदेशी शराब दुकान हटाये जाने को लेकर लांजी आबकारी विभाग, नगर परिषद सहित अनेकों बार पुलिस प्रशासन को भी अवगत कराया जा चुका है परंतु नगर प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन पर भी शराब ठेकेदारों के सामने नतमस्तक है। वहीं अब इस संबंध में वार्ड की पार्षद श्रीमती पूनम आसटकर का कहना है की शीघ्र ही अगर शराब दुकान उक्त स्थान से नहीं हटाई जाती है तो उनके द्वारा वार्डवासियों के साथ मिलकर रोड पर आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### 2023 में नगर परिषद ने आबकारी विभाग को दिया था नोटिस

उल्लेखनीय है की उक्त शराब दुकान को हटाने के लिये वर्ष 2023 में भी वार्ड पार्षद श्रीमती पूनम आसटकर की शिकायत पर नगर परिषद लांजी के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आबकारी विभाग को एक पत्र लिखा गया था जिसमें वार्ड क्रमांक 3 में हीराचंद आसटकर के कॉम्पलेक्स में वार्ड पार्षद की बिना अनुमति व सहमति एवं समाचार पत्रों मे बिना ईश्तहार प्रकाशन किये ही शराब दुकान का संचालन प्रारंभ कर दिया गया जो अनुचित है। परंतु उक्त नोटिस के बावजूद भी शराब दुकान का संचालन उसी स्थान पर किया जा रहा है जो विभागीय सांठगांठ की ओर ईशारा करता है।

## ग्राम स्वरज भवन भानेगांव में दिव्यांग जन कल्याण संघ द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम पूर्वक मनाया गया

हरिभूमि न्यूज लाँजी।



लांजी मुख्यालय अंतर्गत आने वालें ग्राम पंचायत भानेगांव में स्थित ग्राम स्वराज भवन में दिव्यांग जन कल्याण संघ भनेगांव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 44 महिला समूह एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अनेक ग्रामीण महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया सर्वप्रथम राष्ट्रगान एवं महापुरुषों छायाचित्र के समक्ष पूजन एवं दीप प्रज्वलित मालार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया संघ के परम्परा अनुसार समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को दिव्यांग जन कल्याण संघ द्वारा दिव्य ज्योति पुरस्कार प्रदान किया जाता हैं उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार दिव्यांग जन कल्याण संघ के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा की दिवगंत माता श्रीमती ज्योति जगदीश मिश्रा की स्मृति में प्रतिवर्ष विश्व महिला दिवस पर दिव्य पुरुष्कार प्रदान किया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी 2025 का यह दिव्य ज्योति पुरस्कार समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए संघ की संरक्षक श्रीमती पर्मिला देवीचरण ठाकरे द्वारा श्रीमती पूर्णिमा ताराचंद उरकुडे सेवानिवृत नर्स आयु 95 वर्ष मोहझरी ( भानेगांव) निवासी को प्रदान किया गया कार्यक्रम के दौरान साडरा निवासी लीना पिता दिवाकर रणदिवे को मूर्तिकला एवं चित्रकारी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु संघ की शिकायत अधिकारी कु. पारूल गंगाधर ठाकरे द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा कालबेले अध्यक्ष नगर परिषद लांजी, श्रीमती विभा तिवारी पार्षद लाँजी , विशेष अतिथि श्री बी.वॉय ठाकरे , डॉ रूपचंद रावते अध्यक्ष कुनबी समाज,प्रोफेसर रेवाराम करहाटकर , सभापति महिला एवं बाल विकास जनपद पंचायत लांजी श्रीमती सत्यभामा अशोक बिसेन दिव्य रत्न पुरस्कार सम्मानित राजू नारायण ठाकरे पूर्व मुख्य आरक्षक भारतीय सीमा सुरक्षा बल उपस्थित रहे। श्रीमती विभा तिवारी . डॉ रूपचंद रावते , करहाटकर आदि वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण पर उद्बोधन देकर उपस्थित महिलाओं को प्रोत्साहित किया संघ के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे कोषाध्यक्ष , जितेंद्र रावते. सचिव रूपेश कुमार कुथे सदस्य श्रीमती प्रमिला पारधी सलिता ठाकरे अनीता बिसेन प्रेरक जगदीश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

**खबर संक्षेप**

### आटो चालक की बेटी ने सेट परीक्षा में पाई सफलता

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के बॉटनी विभाग की नियमित छात्रा रही सुमन तेकाम ने अपने पहले ही प्रयास में बॉटनी जैसे कठिन विषय में सेट परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित होने के लिए अनिवार्य योग्यता अर्जित की है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग समय-समय पर शासन की आवश्यकतानुसार सेट परीक्षा ( राय पात्रता परीक्षा) आयोजित करता है। ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले पिता कृष्ण तेकाम और माँ सुखवती तेकाम ने बेटी सुमन को हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया है। बरघाट नाका क्षेत्र में बमुश्किल दो कमरे में पूरा परिवार का गुजर बसर होता है। सुमन ने बताया कि घर में अध्ययन की जगह न होने से उसने नगर पालिका की लाईब्रेरी में दिनभर बैठकर अपनी अधिकांश पढ़ाई की है। सुमन के परिवार में उसकी दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है. उसका बड़ा भाई शैलेन्द्र भी ऑटो चलाकर घर चलाने में पिता की मदद करता है।

# भविष्य वन्य जीवों के अनुरूप हो को लेकर पेंच में कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की विगत बैठक मे निर्देश दिया था कि मध्यप्रदेश में कुशल वन्यजीव प्रबंधन के कारण बाघ, तेंदुओं एवं अन्य वन्यप्राणियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है और आज मध्यप्रदेश देश का टाइगर स्टेट, लेपर्ड स्टेट, वल्चर स्टेट, वुल्फ स्टेट एवं घड़ियाल स्टेट है किन्तु यह भी सत्य है कि वन्यप्राणियों की बढ़ती संख्या प्रबंधकीय चुनोतियों को पैदा कर रही है। भविष्य में इनकी संख्या बढने के कारण चुनौतियां भी बढ़ेंगी। अतः भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिये देश भर के विशेष विशेषज्ञों को बुलाकर भविष्य की इन चुनौतियों से निपटने की रणनीति बनानी होगी। इस हेतु प्रदेश के वरिष्ठ वन अधिकारियों की देश के वन्यजीव विशेषज्ञों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए।






मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आज दिनांक 08.03.2025 दो दिवसीय राष्ट्रीय वन्यजीव कार्यशाला श्शमध्यप्रदेश के भविष्य के वन्यजीव प्रबंध हेतु रणनीतिश्श के द्वितीय दिवस पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी के खवासा स्थित पर्यटन सुविधा केन्द्र के कांफ्रेंस हॉल, रेंज ऑफिस कर्माझिरी हॉल, रेंज ऑफिस खवासा बफर के हॉल, एवं क्वॉरेन्टीन सेंटर एवं वन्यजीव अस्पताल के हॉल में चार समूहों यथा :. 1. भू.परिदृश्य प्रबंध, 2. वन्यजीव आवास प्रबंध, 3. मानव.वन्यजीव द्वंद 4. समुदाय उक्त चारों समूहों में चारों विषयों पर गहन विचार.विमर्श हुआ। भू.परिदृश्य प्रबंध समूह में संरक्षित क्षेत्रों के विस्तार और वन्यजीव गलियारों ;पसकसपमि ब्वततपकवतेद्ध की स्थापना पर ध्यान केंद्रित किया गया ताकि पारिस्थितिकीय संबंध बनाए रखा जा सके। इसके अलावा, कार्य आयोजना में परिदृश्य प्रबंधन को शामिल करने और ड्रोन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करने पर चर्चा की गई।

वन्यजीव आवास प्रबंधन समूह में घासभूमि प्रबंधन, कम ज्ञात और संकटग्रस्त प्रजातियों जैसे सोनचिरैया (ग्रेट इंडियन बस्टार्ड) कराकल (फेलिक्स कराकल) और खरमौर (लेसर फ्लोरिकन) के संरक्षण और वन्यजीव प्रबंधन में मानव संसाधन चुनौतियों पर चर्चा की गई। आवास संरक्षण, पुनस्र्थापन केंद्रों की स्थापना पर विशेष जोर दिया गया।

मानव वन्यजीव.द्वंद समूह में बढ़ते मानव.वन्यजीव संघर्षों के समाधान के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से बाघ, हाथी और तेंदुए जैसी प्रजातियों के कारण होने वाली फसल क्षति, मवेशियों पर हमले और मानव हानि को कम करने के उपायों पर विचार किया गया। इस दौरान फील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और रेस्क्यू टीमों को आधुनिक उपकरणों से लैस करने को प्राथमिकता दी गई।

समुदाय समूह में स्थानीय समुदायों की भागीदारी बढ़ाने के लिए इस सत्र में इको.पर्यटन को बढ़ावा देने, वैकल्पिक आजीविका प्रदान करने और बफर गांवों में आधारभूत संरचनाओं के विकास पर चर्चा की गई ताकि दीर्घकालिक संरक्षण के प्रयासों से स्थानीय समुदायों को लाभ मिल सके।

कार्यशाला में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक शुभरंजन सेन सहित मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के अन्य प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक टाईगर रिजर्व, वनसंरक्षक, वनमंडलाधिकारी तथा राष्ट्रीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक, वन विभाग के वन्यजीव क्षेत्र के विशेषज्ञ सेवानिवृत अधिकारी एवं गैर शासकीय संगठनों (एन.जी.ओ.) के पदाधिकारी सहित 80 से अधिक प्रतिभागी इस कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला के महत्वपूर्ण निष्कर्षों को संकलित कर राज्य सरकार को भविष्य की वन्यजीव संरक्षण रणनीतियों के कार्यान्वयन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

# शहर के आन्तरिक मार्गों की चौड़ाई बढ़ाई जाए- रघुवीर अहरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बढ़ती जनसंख्या, बढ़ते वाहन और अतिक्रमण के कारण के मुख्य मार्गों के अलावा शहर के आंतरिक मार्गों में भी आवागमन में भारी बाधाएं बढ़ रही हैं। इन मार्गों में सुबह से शाम तक जाम लगते हैं और छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अतः कठोरता पूर्वक अतिक्रमण हटाकर मुख्य मार्गों के साथ साथ शहर के व्यस्त आंतरिक मार्गों की चौड़ाई भी बढ़ाई जाए। समाजसेवी रघुवीर अहरवाल ने अतिक्रमण से हो रही शहर की दुर्गति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि अधिकारी और राजनेता नगरीय और बाजार प्रबंधन की भारी उपेक्षा करते हैं। जो अधिकारी इस ओर ध्यान देते हैं उनका राजनेता तत्काल ट्रांसफर करवा देते हैं। उनको डर लगता है कि जनता उनसे नाराज हो गई तो वे चुनाव हार सकते हैं। सिवनी शहर की मुख्य समस्या यहां के प्राइवेट और सरकारी बस स्टैंड हैं। यदि इन दोनों को शहर से बाहर कर दिया जाए तो काफी हद तक आवागमन की भीड़भाड़ से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा नहरू रोड पर आवागमन का भारी दबाव रहता है अतः बुधवारी बाजार जाने के लिए एक अतिरिक्त चौड़ा मार्ग बनाया जाना बहुत जरुरी है। समाजसेवी रघुवीर अहरवाल ने आगे बताया कि शहर के हर छोटे बड़े आंतरिक मांगों पर बेजा अतिक्रमण देखा जा सकता है। उच शिक्षित और कानून के ज्ञाता भी अतिक्रमण करने में पीछे नहीं हैं। इसके अलावा आजकल टू व्हीलर और फोर व्हीलर वाहन अति आवश्यक साधन हो गया है। जो 90 प्रतिशत लोगों के पास है। अधिकांश लोगों के पास अपने वाहन रखने का स्थान नहीं है इस कारण उनके वाहन सडक़ों के किनारे खड़े रहते हैं। जिससे आवागमन में भारी बाधा होती है। अक्सर देखा जाता है कि बीमार और डिलेवरी के लिए अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस और अन्य वाहन तक महिलाओं और मरीज को लाने ले जाने में भारी परेशानी होती है। अतिक्रमण ग्रस्त संकरे मार्गों में स्कूल कालेज के छात्र छात्राएं भी फस कर तकलीफ उठाते हैं। श्री अहरवाल ने नगरीय और बाजार प्रबंधन के लिए अधिकारियों और राजनेताओं से सिंधुघाटी की सभ्यता और सम्राट अशोक महान के शासन प्रशासन का अध्ययन करने का आग्रह किया है।

## अतिक्रमण हटाने की मुंह देखी कार्यवाही की गई-कांग्रेस

**सिवनी,** नगझर से खैरीटेक निर्माणधीन सडक़ ईश्वर नगर से लेकर जोड़ा पुल तक नगरपालिका क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की मुंह देखी कार्यवाही की गई, यदि पूर्व में एमपीआरडीसी, नगरपालिका, नजूल, तहसील आपस में तालमेल बनाकर, सडक़ निर्माण की रूपरेखा बनाते तो सिवनी नगर को एक शानदार सडक़ मिल जाती। एमपीआरडीसी द्वारा 5.5 मीटर डामरीकरण 2 मीटर पेवरब्लाक(गट्टू) 1.5 मीटर नाली बनाये जाने का नगरपालिका क्षेत्र के अंदर डीपीआर तैयार किया गया। जिसके कारण शासकीय रिकार्ड में दर्ज सडक़ चौडाई पर पूरा कार्य नही हो पायेगा। ठेकेदार द्वारा सडक़ निर्माण की बहुत जल्दी है वह किसी तरह कार्य पूर्ण करना चाहता है, जिला कलेक्टर के आदेश से शासकीय रिकार्ड में दर्ज सडक़ की चौडाई का नाप किया गया किन्तु उसके हिसाब से अतिक्रमण नही हटाया गया, कुछ प्रभावशाली लोगो के सामने खडे होने से प्रशासन के लोग नतमस्तक हो गये और वहॉ से अतिक्रमण हटाये बिना ही आगे बढ़ गये। बार बार इस सडक़ का कार्य नही हो पायेंगा। एक बार यदि निष्पक्षता से कार्य किया जाये तो आने वाले समय में इस सडक़ पर लगने वाले यातायात जाम से घुटकारा मिल सकता है।

## हल्दी व सुपारी से भरा ट्रक मे लगी आग

नागपुर दिशा से मंडला जा रहा ट्रक कुरई के समीप अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराया जिसके चलते ट्रक में आग लग गई। ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया तथा ट्रक में रखा सामान भी जल गया। कुरई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नागपुर से ट्रक क्रमांक एमएच 40 एन 5354 मंडला जा रहा था। ट्रक में हल्दी व सुपारी भरी हुई थी। ट्रक कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग से जब गुजर रहा था तभी ट्रक चालक का नियंत्रण ट्रक से हट गया और ट्रक सडक़ के किनारे एक पेड़ से जा टकराया। इस टक्कर से ट्रक में आग लग गई और ट्रक देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगा। ट्रक में किराना समान हल्दी व सुपाड़ी भी जलकर नष्ट हो गई।



## केवलारी विधायक रजनीश सिंह ने कोयापुनेम कथा का श्रवण पान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शनिवार को केवलारी विधानसभा क्षेत्रंतर्गत धनौरा ब्लॉक के ग्राम हरदुली में गांगीराजा स्थल में 7 दिवसीय गण गाथा कोयापुनेम एवं सामाजिक महासमागम के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया।

कोयापुनेम (कथा) के आयोजन में सम्मिलित होकर विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात पुनेमाचार्य तिरुमाल सोहन शाह पन्द्रे का साल श्रीफल से स्वागत वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कोयापुनेम (कथा) के आयोजन में साथ ही जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश जैन , जिला कांग्रेस महामंत्री शेख मुस्लिम डब्लू खान , लखन सिंह बेलिया , महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती वर्खा बघेल , मंडलम अध्यक्ष रजन उइके , सेक्टर अध्यक्ष बलराम प्रजापति , विधान सिंह बघेल समेत समस्त क्षेत्रीय धर्म प्रेमी बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## प्रवेश के लिए आयोजित हुई परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 9.3.2025 दिन रविवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी तथा शासकीय मॉडल लखनादौन में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन में दर्ज 466 छात्र-छात्राओं में 432 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे अनुपस्थित 34 छात्र छात्राएं थे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन की केंद्राध्यक्ष श्री एम एस डहेरिया ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण और शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशानुसार संपन्न हुई परीक्षा प्रेक्षक के रूप में बीआरसी श्रीराम पटेल उपस्थित थे विकासखंड अधिकारी नीरज दुबे द्वारा भी निरीक्षण किया गया परीक्षा संचालन में विद्यालय के एमडी शर्मा नवीन पांडे अनुराग शुक्ला एमएल शर्मा राजेश तिवारी ज्ञानीराम भोयर अभिषेक श्रीवास्तव सहित स्टाफ के द्वारा किया गया।

**विश्व महिला दिवस पर सैकड़ों महिलाएं होती रही शर्मसार**

# आजादी के बाद से अब तक महिलाओं के लिए नहीं बन पाया सार्वजनिक शौचालय

### छपारा नगर परिषद का मामला

छपारा - नगर परिषद के महिला अध्यक्ष होने के बावजूद विश्व महिला दिवस पर छपारा नगर परिषद के मुख्यालय में सैकड़ो महिलाएं शर्मसार होती रही। विकास का ढिंढोरा पीटने और फोटो सेशन वाले इन जनप्रतिनिधियों ने अब तक सार्वजनिक महिला शौचालय प्रसाधन की व्यवस्था नगर में क्यों नहीं कर पाए है यह बड़ा सवाल हैं। उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है लेकिन 20 हजार से अधिक आबादी वाले छपारा नगर परिषद के महिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी छपारा नगर में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय और प्रसाधान तक नगर परिषद नहीं बनवा पाई हैं।




### महिला प्रधान नगर में बद से बद्तर हालात

इस संवेदनशील और गंभीर मामले में यह बताना भी जरूरी है कि छपारा नगर परिषदकी बागडोर भी महिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती निशा पटेल पिछले 3 सालों से सभाल रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान के लिए छपारा नगर की महिला प्रधान जनप्रतिनिधि की क्या सोच है, इसकी सचाई सिवनी जिले के नेशनल हाईवे पर पर स्थित छपारा नगर परिषद मुख्यालय पर देखी जा सकती है जहां आजादी के बाद से अब तक नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड और अन्य स्थलों में सार्वजनिक महिला शौचालय एवं प्रसाधन तक नहीं है। जिसके चलते नगर के अलावा आसपास के सैकड़ों ग्रामों तथा बसों में सफर कर रही महिलाओं को छपारा बस स्टैंड में लघुशंका एवं शौच के लिए यहां-वहां भटकने के साथ-साथ शर्मसार भी होना पड़ता हैं। इसके अलावा छपारा नगर में सप्ताह में 2 दिन हाट बाजार लगता है और इस हाट बाजार में छपारा नगर के आस पास से सैकड़ों ग्रामों की महिलाओं का नगर में आगमन भी होता है लेकिन आए दिन यह देखा जाता है कि यह सभी महिलाएं लघुशंका एवं शौच जाने के लिए यहां-वहां भटकने के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से शर्मसार भी होती रहती हैं।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने 7 प्रकरणों का कराया राजीनामा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला उपभोक्ता आयोग सिवनी के पीठासीन अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय व श्रीमती उषा शर्मा, सदस्या, एवं वीरेन्द्र सिंह राजपूत मध्यस्थता सदस्य व श्रीमती चित्रा सहारे मध्यस्थता सदस्या द्वारा 07 हितग्राहियों को राशि 3,57,538.00 (तीन लाख, सत्तावन हजार, पाँच सौ, अड़तीस रूपये मात्र) का भुगतान कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उक्त कार्य के लिए जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी सुनील कुमार सल्लाम रीडर, राजेन्द्र कुमार सनोडिया कम्प्यूटर प्रोग्रामर, सुश्री वंदना शर्मा सहा0ग्रेड-3 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सुखलाल कटरे आशीष भलावी एवं करन सिह उईके एवं अधिवक्ता अनिल कुल्हाड़े एवं सजल डे, व टी0आर0 राय का विशेष योगदान रहा, इनका कार्य सराहनीय रहा है।

# लखनादौन में भ्रष्टाचार: जनपद अध्यक्ष ने सीएम को लिखा अंतिम पत्र, रोकड़े को हटाने की अंतिम चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन (सिवनी): लखनादौन जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार का अंत करने के लिए जनपद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डुमारीलाल उइके ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अंतिम पत्र लिखा है। उन्होंने सहायक यंत्री राहुल रोकड़े पर भ्रष्टाचार के पहाड़ खड़े करने का आरोप लगाते हुए उन्हें उनके औकात (मूल पद उपयंत्री) पर वापस भेजने की अंतिम चेतावनी दी है।**

श्रीमती पार्वती उइके ने पत्र में लिखा है कि राहुल रोकड़े, जिनका मूल पद उपयंत्री है, वरिष्ठ अधिकारियों से सांठगांठ करके सहायक यंत्री बन बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रोकड़े ग्राम पंचायतों के कार्यों के टी.एस. (तकनीकी स्वीकृति) के लिए सरपंचों से जबरन वसूली करते हैं। उनके द्वारा जनपद पंचायत लखनादौन में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रोकड़े द्वारा किए गए कार्य घटिया और भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े हैं, जिसकी अनेकों बार शिकायत की गई, लेकिन ऊपर से नीचे तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

जनपद अध्यक्ष ने रोकड़े पर भ्रष्टाचार का नंगा नाच करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की कहानी लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही हैं, लेकिन सत्ता के नशे में डूबे अधिकारी कान में तेल डालकर बैठे हैं।

### अंतिम चेतावनी

श्रीमती पार्वती उइके ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राहुल रोकड़े को तुरंत उनके मूल पद उपयंत्री पर वापस भेजा जाए, ताकि उनके द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के खेल को हमेशा के लिए रोका जा सके और सरपंचों को न्याय मिल सके।

### जनता का आक्रोश

यह पत्र लखनादौन जनपद पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता के आक्रोश का प्रतीक है। अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री इस अंतिम चेतावनी पर क्या कार्रवाई करते हैं।

जनपद अध्यक्ष ने सहायक यंत्री को भ्रष्टाचार का रावण बताया। टी.एस. के लिए सरपंचों से जबरन वसूली करने का आरोप। गुणवत्ताहीन कार्यों को भ्रष्टाचार की नींव बताया। औकात (मूल पद) पर वापस भेजने की अंतिम चेतावनी। सत्ता के नशे में डूबे अधिकारियों पर कान में तेल डालने का आरोप।

भ्रष्टाचार के खेल को हमेशा के लिए रोकने की मांग।जनता के आक्रोश का प्रतीक।

लखनादौन जनपद पंचायत में भ्रष्टाचार की जड़ें उखाडऩे का अंतिम प्रयास है और यह दिखाता है कि कैसे जनता के प्रतिनिधि भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध लडऩे के लिए तैयार हैं।



## गौरव स्वर्णकार महिला मंडल सिवनी के द्वारा होली मिलन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गौरव स्वर्णकार महिला मंडल सिवनी की अध्यक्षा के मार्गदर्शन पर होली मिलन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम होटल आशीर्वाद में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण एवं राधा रानी को गुलाल लगाकर फूलों से सजाकर भगवान का श्रंगार कर फूलों से होली खेली गई एवं एक दूसरे को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए मनोरंजन गेम खेले गए साथ ही अंताक्षरी एवं श्री कृष्ण राधा रानी के भजनों की प्रस्तुति दी गई। गौरव स्वर्णकार महिला मंडल शिवानी की समस्त बहनों ने शराबबंदी हस्ताक्षर अभियान में अपना समर्थन दिया एवं 500 हस्ताक्षर करवाने का संकल्प लिया साथ ही हस्ताक्षर की शुरुआत अपने ही हस्ताक्षर करके शुरू की गई।कार्यक्रम के अंत में गौरव स्वर्णकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संजना संजय सोनी जी के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं एवं स्वल्पाहार के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नेशनल लोक अदालत में 1177 प्रकरणों का किया निराकरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य न्यायाधीपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 08 मार्च को नेशनल लोक अदालत का जिले में आयोजन किया गया। मुख्य न्यायधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय द्वारा नेशनल लोक अदालत का वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ई-शुभारंभ किया गया। ई-शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चन्द्र राय की अध्यक्षता में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रवि कुमार गोल्हानी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती मनीषा बसेर, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) गालिब रसूल, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रेमा साहू, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण कुमार वर्मा, चतुर्थ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी, जयदीप सिंह सोनबर्से, तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलवीर सिंह धाकड़, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती कला भम्मरकर, जिला रजिस्ट्रार/न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विक्रम सिंह डावर,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि नायक, अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश सक्सेना, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल नवीन पटेल उपस्थित रहे। साथ ही उक्त ई-शुभारंभ कार्यक्रम का अवलोकन समस्त तहसील समितियों के न्यायाधीशगणों द्वारा भी किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण में विशेष प्रयास करने एवं नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने का आव्हान किया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा नेशनल लोक अदालत आयोजन स्थल एवं पीठों का निरीक्षण भी किया। उक्त नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय की भांति तहसील विधिक सेवा समितियों लखनादौन, घंसौर एवं केवलारी में भी न्यायाधीशगणों एवं अधिवक्तागणों की उपस्थिति में किया गया।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दाण्डिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामलें, विद्युत के लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया साथ ही बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल. की बकाया वसूली से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु कुल 22 खंडपीठों का गठन किया गया। उक्त 22 खंडपीठों में कुल समझौता योग्य आपराधिक 981 प्रकरण रखे गये, जिनमें 182 प्रकरण निराकृत किये गये। धारा 138 चैक बाउन्स के 229 प्रकरण रखे गये, जिनमें 57 प्रकरण निराकृत किये गये, 13210366 रूपये की समझौता राशि का आदेश पारित हुआ। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 244 प्रकरण रखें गये जिनमें 21 प्रकरण निराकृत हुए एवं रूपये राशि 11500000 का अवार्ड पारित किया गया। अन्य सिविल प्रकरण 184 रखें गये, जिनमें 07 प्रकरणों का निराकरण किया गया, 3556000 रूपये की समझौता राशि का आदेश पारित हुआ। विद्युत अधिनियम के 110 प्रकरण रखें गये, जिनमें 72 प्रकरण निराकृत हुए एवं 819109 रूपये समझौता राशि का आदेश पारित किया गया। पारिवारिक विवाद से संबंधित 344 प्रकरण रेखें गये थे, जिनमें 24 प्रकरण निराकृत हुए। उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण मामलों के 12 रखे गये प्रकरणों में से 07 प्रकरण निराकृत हुये एवं 357838 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया एवं अन्य मामलों के रखे गये 31 प्रकरण में से 17 प्रकरण का निराकरण किया गया।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग घायल

सिवनी जिले के घंसौर में पनारझिर गांव के पास रात को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। एक बाइक घंसौर से खजरी की तरफ जा रही थी। दूसरी बाइक बरगी से घंसौर की ओर आ रही थी। घायलों में एक की पहचान खजरी निवासी दशरथ कुडोपा (40) के रूप में हुई है। दूसरा व्यक्ति बेहोश होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जबलपुर रेफर प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसों का शिकार हो रहे हैं।

### 3 दिन में 370 वाहनों का चालान, डेढ़ लाख रुपए वसूले

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस ने तीन दिनों में 370 वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई कर एक लाख 50 हजार का समन शुल्क वसूला है। यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा के अनुसार, इस दौरान निजी वाहनों में अवैध हूटर, फ्लैश लाइट, वीआईपी स्टीकर और



गलत नंबर प्लेट के खिलाफ कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में 5 वाहनों से हूटर हटवाए गए। 10 वाहनों से फ्लैश लाइट निकलवाई गईं। 7 वाहनों पर बिना अनुमति विज्ञापन के लिए चालान किया गया। एक वाहन से पुलिस जैसी लाइट हटवाई गई। 113 वाहनों में अमानक नंबर प्लेट के लिए कार्रवाई की गई। इसके अलावा 234 अन्य वाहन चालकों पर यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए कार्रवाई की गई।

नगरीय क्षेत्र में अभी भी बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों की संख्या अधिक है। चौराहों पर यह उल्लंघन आसानी से देखा जा सकता है। पुलिस ने शनिवार की रात भी नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की।

### 11 सेंटर पर 2 हजार 298 स्टूडेंट्स ने दिया पेपर

## एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल में प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय और बैहर-बिरसा के मॉडल स्कूल की कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की गई। जिले के 11 परीक्षा केंद्रों में कुल 2 हजार 561 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2 हजार 298 छात्रों ने पेपर दिया। 263 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी डॉ. मनोज जैन ने बताया कि दो परीक्षार्थी अपने निर्धारित केंद्र शासकीय कन्या स्कूल बूढ़ी के बजाय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा केंद्र पहुंच गए। छात्रहित में वरिष्ठ स्तर से अनुमति लेकर दोनों को वहीं परीक्षा देने की अनुमति दी गई।

#### इन स्कूलों के स्टूडेंट्स ने दी परीक्षा

परीक्षा केंद्रों में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट, वीरांगना रानी दुर्गावती स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल, महात्मा गांधी नगरपालिका स्कूल, कन्या स्कूल बूढ़ी शामिल थे। इसके अलावा



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा, बैहर, परसवाड़ा, लांजी, वारासिवनी और लालबर्रा में भी परीक्षा आयोजित की गई।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र प्रभारी शरद ज्योतिषी के अनुसार, उनके केंद्र में 500 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 454 उपस्थित रहे और 46 अनुपस्थित रहे। उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में कक्षा नवमी के लिए कुल 280 सीटें उपलब्ध हैं।

### 23 से 30 मार्च तक चलेगा नारायणसिंह मेमोरियल स्वर्ण कप; 24 टीमें लेंगी हिस्सा

## पहली बार एस्ट्रोटर्फ पर होगा हॉकी टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पहली बार एस्ट्रोटर्फ मैदान पर अखिल भारतीय स्व. नारायणसिंह मेमोरियल स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 23 से 30 मार्च तक चलेगा।

नेहरू स्पोर्टिंग क्लब कार्यालय में रविवार को हुई बैठक में टूर्नामेंट की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान टूर्नामेंट के समापन समारोह में खेल मंत्री विश्वास सारंग को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

क्लब की बैठक में किरणभाई



त्रिवेदी को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि जिले में हॉकी खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 1 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान का लोकार्पण किया था।

क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनिल धुवारे ने बताया कि टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। अभी तक 26 टीमों से स्वीकृति मिल चुकी है, जिनमें से अंतिम टीमों का चयन किया जाएगा।

### मामा के गांव केवलारी जा रहे थे दोनों; जिला अस्पताल रेफर

## ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से दो भाई घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के परसवाड़ा थाना क्षेत्र में रविवार को दोपहर 4 बजे एक ट्रैक्टर-ट्राली (एमपी 50 ए 6571) बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में दो सगे भाई घायल हो गए।

घायल भाइयों की पहचान पटोरा निवासी सुनील तिलासी (32) और अनिल तिलासी (30) के रूप में हुई है। दोनों भाई बिरसा थाना क्षेत्र के ग्राम मंडई निवासी दीपक सोनवाने के साथ मामा के गांव केवलारी जा रहे थे। हर्राटोला के पास ट्रैक्टर बेकाबू हो गया।

हादसे में दोनों भाइयों को कमर



और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। ग्राम पटोरा के तेजराम बोरीकर ने घायलों को परसवाड़ा अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

परसवाड़ा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पलटे वाहन को सीधा करने का प्रयास कर रही है। इलाके में यह दो दिन में दूसरी दुर्घटना है। शनिवार की रात इसी क्षेत्र में एक चौपहिया वाहन की बाइक से टक्कर में मंडला जिले के दो युवकों की मौत हो गई थी और एक युवती गंभीर रूप से घायल हुई थी।

## 22वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत

**लाँजी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम नेवरवाही में स्थित एक खेत में बिजली का नंगा तार बिछाया गया था जिसकी चपेट में आने से अपने भांजे को तलाशने गए 22 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई.जानकारी अनुसार लांजी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम नेवरवाही निवासी राकेश पिता झाड़िया उम्र 22 वर्ष जिसका विवाह 15 मार्च को होना था वहीं मृतक का रिश्ता नेवरवाहीं से लगे ग्राम केराटोला से जोड़ा गया था। जिसको लेकर मृतक राकेश के घर में तैयारी चल रही थी वहीं नेवरवाही से लगे ग्राम लोडामा में मृतक की बहन रहती है शाम को लोडामा से मृतक रमेश का भांजा नेवरवाही अपने मामा रमेश के घर जाने के लिए निकला परंतु देर रात हो जाने के बाद भी मृतक रमेश का भांजा घर नहीं पहुंचा तब जानकारी मिलने पर लगभग 10 बजे मृतक रमेश अपने घर से अपने भाई अनिल सत्कार के साथ अपने भांजे को तलाश में निकाला परंतु भांजे के नहीं मिलने पर रात्रि के लगभग 12 बजे दोनों ही भाई अपने घर ग्राम नेवरवाही वापस होने लगे तभी बीच रास्ते में राजेंद्र पिता परदेशी सत्कार, गजेंद्र पिता दामा सत्कार, घनश्याम पिता चपरास सत्कार के खेत (कछार) में जानवरों को मारने हेतु बिजली का खुला तार डाला गया था जो रात के अंधेरे होने के कारण इन युवाओं को नजर नहीं आया जिससे राकेश पिता झाड़ियां सत्कार उस तार में झुलस गया तभी उनके साथ अनिल पिता लखनलाल सत्कार ने राकेश को बचाने की पूरी कोशिश की और वहां से तत्काल स्वयं के वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया।

## रबी विपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जन के लिए किसानों की पंजीयन प्रक्रिया जारी

**बालाघाट।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए कृषकों के पंजीयन के लिये 18 पंजीयन केन्द्रों की स्थापना की गयी है। जिसमें गेहूं पंजीयन के लिए 31 मार्च तक की समय-सीमा निर्धारित की गयी है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले में गेहूं के 212 पंजीयन, चना-63 व सरसो-175 पंजीयन को लेकर अब तक कुल-375 पंजीयन किये जा चुके है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य बोनस सहित 2600 रूपये (समर्थन मूल्य 2445/- रूपये प्रति किंटल, बोनस-125) प्रति क्विंटल है। पंजीयन करवाने के लिए समस्त दस्तावेज लेकर सोसायटी के 18 पंजीयन केन्द्रों में निशुल्क एवं 04 लोकसेवा केन्द्र, 58 एमपीऑनलाईन, 81 कॉमन सर्विस सेटर, 04 साईवर कैफे, 03 सुविधा केन्द्र-03 में 50 रूपये पंजीयन शुल्क देकर पंजीयन कराने की सुविधा प्रदान की गयी है। श्री ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष पंजीयन के लिए फसल गिरदावरी के बिना पंजीयन की सुविधा है। पंजीयन उपरांत गिरदावरी द्वारा सत्यापन किया जाना है।

### बाइक को वाहन ने मारी टक्कर; युवती घायल, रिश्तेदारी में जा रहे थे तीनों

## दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के परसवाड़ा थाना क्षेत्र में अहमदपुर के पास हादसे में मंडला जिले के पिंडरई निवासी दो युवकों की शनिवार रात मौत हो गई। मृतकों की पहचान 19 वर्षीय नीलेश उईके और 18 वर्षीय प्रहलाद परते के रूप में हुई है।

हादसे में घायल हुई परसवाड़ा थाना क्षेत्र के डोंगरिया लच्छीटोला की 18 वर्षीय युवती रानू इड़पाचे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती के पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वह अभी बात करने की स्थिति में नहीं है।

परसवाड़ा थाना प्रभारी मदन



इवने ने बताया है कि शनिवार की देर रात को यह हादसा हुआ। दोनों युवक पिंडरई से युवती के गांव पहुंचे थे। वहां से तीनों बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 100 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को परसवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने युवकों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## ना अपना हूं ना बिचारी हूं, तुम देखो मुझे मैं नारी हूं" की तर्ज पर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में शनिवार को महिलाओं के सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. पीआर चंदेलकर ने बताया कि हर समाज के विकास का पैमाना महिलाओं का विकास है और महिलाओं के विकास का पैमाना उनकी शिक्षा है। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के जेंडर फॉर्म एवं जेंडर सेंसटाइजेशन सेल के द्वारा किया गया। जिसमें समाज में ख्याति प्राप्त महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सुश्री वैशाली सिया, सीसी बालाघाट डॉक्टर प्रतिमा खोबरागड़े एवं प्रत्यय जेठवारा उपस्थिति रही। इस अवसर पर सुश्री वैशाली ने छात्राओं को संबोधित करते हुए लिंग संवेदीकरण के बारे में कहा की महिलाओं को



अपने निर्णय लेने में आत्मनिर्भर होना चाहिए डॉक्टर प्रतिमा खोबरागड़े के द्वारा छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी सचेत किया गया। महिला दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं (फैंसी ड्रेस पोस्टर एवं भाषण) का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता पर सीबीसी सूचना एवं प्रसारण एवं जन अभियान परिषद विकास बालाघाट के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में कदम बढ़ा रही है। हम देखते हैं की राजनीति का क्षेत्र हो व्यवसाय का क्षेत्र हो आज हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है आज हमें आवश्यकता है कि हम उन्हें प्रोत्साहित करें। पहले महिलाएं घर की चार दिवारी में सीमित थी लेकिन स्व सहायता समूह के माध्यम से उन्हें सशक्त किया गया। पहले उन्हें मंच नहीं मिल पाता था लेकिन आज मंच मिलने के कारण से नेतृत्व विकास हुआ है। महिलाएं स्वच्छता को लेकर भी कार्यरत है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा भी क्षमता सशक्त बनाया जा रहा है। इस इस अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं ने भी अपने विचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन अजय बैश एवं आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक वैजयंती कटरे द्वारा किया गया।

### नेशनल लोक अदालत में 5 प्रकरणों में 22 लाख 61 हजार 148 रूपये का हुआ समझौता

## जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालय में आयोजित हुई अदालत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शनिवार को नेशनल उपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में किया गया। वर्ष 2025 की इस प्रथम लोक अदालत में न्यायिक सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक, जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय एवं वरिष्ठ न्यायिक सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक एवं न्यायिक सदस्य श्रीमति हर्षा बिजेवार डोहारे की बेंच ने उपभोक्ता एवं अनावेदक के बीच 5 प्रकरणों में 22 लाख 61 हजार 148 रूपये की राशि का आपसी राजीनामा एवं पूर्ण संतुष्टि के आधार पर निराकरण किया गया। इस अवसर पर अधिवक्तागण सिराज कुरैशी, प्रदीप सोनी, सुभाष शुक्ला, विनोद कोल्हटकर, जेएम चर्तुवेदी, एसके बेग, उबेद खान, एलआर गढ़वंशी, पंचम खैरवार एवं जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट के रीडर प्रकाश कावरे, प्रज्ञा कुशराम, राजेश मर्सकोले एवं धनीराम सपाटे तथा उपभोक्तागण उपस्थित रहें।

नेशनल लोक अदालत के वरिष्ठ न्यायिक सदस्य डॉ. चांडक ने बताया कि श्रीमति रंजू बारेकर/गो डीजिट जनरल इंश्योरेंश बैंगलोर एवं अन्य में राशि 14 लाख, अशोक रहांगडाले / युनाईटेड इंडिया इंश्योरेश छिंदवाड़ा एवं अन्य में राशि 50 हजार, श्रीमति श्यामा पांचे/ पांचे इफको टोक्यो इंश्योरेश इंश्यो भोपाल में राशि 7 लाख 18हजार 98 रुपये, श्रीमति निर्मला बाई/प्रबंधक बंधक युनाईटेड इंडिया इंश्योरेश सिवनी में राशि 89 हजार 453 रुपये, नितेश हिरकने/अमेजॉन रिटेल इंडिया नई दिल्ली एवं अन्य में राशि 3597 रुपये की राशि सहित कूल 22 लाख 61 हजार 148 बाईस रूपये की राशि का चेक उपभोक्ताओं को प्रदान किया गया।

## विश्व महिला दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने महिलाओं की उपलब्धि पर पेश की नाटिका

**बालाघाट।** 6 एमपी बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वी.के. गुप्ता के निर्देशन और एमएलबी स्कूल प्राचार्य डॉ. मनोज जैन के संरक्षण में विश्व महिला दिवस के अवसर पर स्कूल की सेकंड एनसीसी ऑफिसर श्रीमती कंचन महाजन के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स ने एक प्रभावशाली नाटिका प्रस्तुत की। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में



महिलाओं की उपलब्धियों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका श्रीमती मीना चावड़ा, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं उन्होंने महिला सशक्तिकरण और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और समाज को नई दिशा दे रही हैं। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती ममता तिवारी ने भी महिलाओं के संघर्ष और सफलता की गाथाओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## शराब दुकान के स्थानांतरण का विरोध: स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम नेवरगांव में संचालित शराब दुकान के स्थानांतरण को लेकर ग्रामीणों और स्कूली छात्रों ने कड़ा विरोध जताया। वारासिवनी से लालबर्रा मार्ग पर ग्रामीणों और बच्चों ने सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। प्रदर्शन के दौरान स्कूली बच्चों और महिलाओं ने शराब दुकान हटाने की मांग करते हुए नारेबाजी की।

**शराब दुकान के नए स्थान पर विरोध तेज:** गौरतलब है कि नेवरगांव में देशी-विदेशी शराब की दुकान संचालित थी, लेकिन अनुबंध समाप्त होने के बाद अब इसे नेवरगांव की सीमा पर पाथरी रोड पर स्थानांतरित किया जा रहा है। जैसे ही इस बात की भनक ग्राम



पाथरी के निवासियों को लगी, उन्होंने इसका पुरजोर विरोध शुरू कर दिया। विरोध इतना तेज हुआ कि इसका असर अब मुख्य मार्गों तक पहुंच गया।

**स्कूली बच्चों ने उठाई सुरक्षा की मांग:** शराब दुकान के नए स्थान पर खुलने को लेकर स्कूली बच्चों ने प्रशासन से इसे अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि नेवरगांव स्कूल जाने के दौरान उन्हें शराब दुकान के सामने से गुजरना पड़ेगा, जिससे असामाजिक तत्वों की हरकतों का सामना करना पड़ेगा। बच्चों ने आशंका जताई कि यहां से गुजरते समय उन्हें अश्लील टिप्पणियां सुननी पड़ेंगी, जिससे उनकी सुरक्षा पर खतरा बढ़ जाएगा।

#### प्रशासन पर जल्द निर्णय लेने का दबाव

धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही वारासिवनी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द निर्णय नहीं लिया, तो विरोध प्रदर्शन और तेज होगा।

**ग्रामीणों का ऐलान: शराब दुकान हटाकर ही मानेंगे**

ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से स्पष्ट रूप से मांग की है कि स्कूल मार्ग से शराब दुकान को पूरी तरह से हटाया जाए। महिलाओं ने भी इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कहा कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित माहौल देना चाहती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे।

स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों और छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, वे आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे।

### 11 मार्च को डॉ. बाबा साहब आंबेडकर चौक से होगी जनसभा और शांति महारैली

## महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर बालाघाट में विशाल प्रदर्शन का ऐलान

### बुढ़ी समता भवन में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संपूर्ण भारत में चल रहे महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तहत महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति, जिला बालाघाट द्वारा 11 मार्च को एक विशाल आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इस आंदोलन के माध्यम से जिले के समस्त बौद्ध अनुयायी भारत सरकार एवं बिहार राज्य सरकार से यह मांग करेंगे कि 'बोध गया टेंपल एक्ट 1949' को बर्खास्त किया जाए।इस कानून के तहत महाबोधि महाविहार का नियंत्रण गैर-बौद्धों के हाथों में रखा गया है, जिसे समाप्त कर भारतीय बौद्धों को इसका पूर्ण अधिकार देने की मांग की जा रही है। इस विषय पर बालाघाट में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

#### जनसभा और शांति महारैली का होगा आयोजन

11 मार्च को आयोजित होने वाले इस आंदोलन के तहत प्रातः 10 बजे से डॉ. बाबा साहब आंबेडकर चौक, बालाघाट में विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। इस जनसभा में जिले के विभिन्न बौद्ध संगठनों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और अनुयायी शामिल होंगे।इसके बाद एक विशाल शांति महारैली निकाली जाएगी, जो बालाघाट नगर के मुख्य



मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेगी। वहां पर महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार, महामहिम राज्यपाल बिहार सरकार, माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री बिहार सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।बौद्ध अनुयायियों से आंदोलन में शामिल होने की अपीलमहाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति, जिला बालाघाट ने जिले के समस्त बौद्ध अनुयायियों से आह्वान किया है कि वे इस आंदोलन में हजारों की संख्या में शामिल हों और इसे सफल बनाने में अपना तन-मन-धन से सहयोग दें।